Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 7:04 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 5:32 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 46 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 2 अगस्त 2024



करिश्मा ने सलमान, शाहरुख और...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### तेज बारिश का येलो अलर्ट

**देहरादून।** मौसम विभाग ने हिदायत दी है कि तेज बारिश के दौरान भूस्खलन प्रभावित क्षेत्रों में जानें से बचें। उत्तराखंड में आज फिर मौसम खराब रहा। दिनभर हालांकि प्रदेशभर में बादल छाए, लेकिन शाम होते ही मौसम ने करवट बदली। मसूरी शहर में अचानक मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। बारिश से कई जगहों पर जलजमाव होने के चलते लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। वहीं, मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से उत्तरकाशी जिले में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। जबकि, देहरादून समेत चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और नैनीताल जिले के कुछ इलाकों में तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। अन्य जिलों में भी गर्जन और बिजली चमकने के साथ कई दौर की तेज बारिश होने के आसार हैं।

### रम्पुरा पुलिस की हिरासत में बिचौलिया

**रुद्रपुर।** रम्पुरा पुलिस ने एक व्यक्ति की शिकायत पर बिचौलिया को चौकी में बैठा लिया है। पुलिस पूछताछ कर रही है। जानकारी के मुताबिक यूपी के चंदौसी हाल रम्पुरा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उसने तीन वर्ष पहले पुत्री का विवाह चौकी लालपुर क्षेत्र निवासी एक युवक से हिंदू रीति रिवाज से की। पुत्री के एक बच्चा भी है। पीड़ित के मुताबिक जिस व्यक्ति ने पुत्री की शादी कराई, उसके इशारे पर पुत्री को ससुराल वाले परेशान कर रहे हैं। आरोप है कि बिचौलिया उसके दामाद से अपने रिश्तेदार की लड़की की शादी कराना चाह रहा है।इस लड़की उसके पास है। गुरुवार की रात दामाद आया और लड़की से बच्चे को लेकर चला गया। समाचार लिखे जाने तक बिचौलिया चौकी में बैठा हुआ था और पीड़ित भी। पुलिस विवाहिता के ससुराल वालों का इंतजार कर रही। इधर कोतवाल एमएस दसौनी ने जानकारी लेने पर बताया कि वह चौकी प्रभारी से जानकारी लेने के बाद सही जानकारी दे पाएंगे।

# खुलेआम टकराते हैं 'जाम से जाम', डीएम कैंप कार्यालय से लगता है जाम

**देहरादून**

**सलीम खान, हल्द्वानी**



तिकोनिया स्थित वर्कशॉप लाइन अब शहर भर में मशहूर हो गई है। डीएम कैंप कार्यालय से सिटी इस जगह में जहां दिनभर अतिक्रमण के चलते शहर की यातायात व्यवस्था बिगड़ती है। वहीं सांझ ढलते ही अवैध मदिरालय खुल जाते हैं। आलम यह है कि यहां खुलेआम जाम से जाम टकराए जाते हैं। इस स्थान से पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी भी गुजरते हैं, लेकिन कार्रवाई की जहमत कोई नहीं उठाता। दरअसल, जिलाधिकारी कैंप कार्यालय के पिछले हिस्से से वर्कशॉप लाइन सटी हुई है। डीएम दफ्तर से सटा होने के बावजूद यहां अतिक्रमणकारियों और अवैध शराब परोसने वालों को बिल्कुल भी खौफ नहीं है। इतना ही नहीं शहर में तमाम जगह छापेमारी करने वाले पुलिस-प्रशासनिक अधिकारी भी इस स्थान से जानकर भी बेखबर बने हुए हैं। दिनभर यहां अवैध रूप से वाहनों की मरम्मत करने वालों और ठेला संचालकों द्वारा अतिक्रमण किया जाता है। जबकि यही ठेला भोजनालय की जगह यहां रात्रि में सजने वाले स्ट्रीट बार ले लेते है। जहां पर खुले आम शराब के जाम टकराते लोग देखे जा सकते है। दिन में भूखे लोगों को भोजन उपलब्ध करा कर राहत पहुचाने वाली यही वर्कशॉप लाइन शाम होते ही उस नर्क में तबदील हो जाती है जहां से शहर की बहू-बेटियों के लिये गुजरना तक दूर्भर हो जाता है। एक तरह से यहां पर सजने वाले स्ट्रीट बारों ने यहां से बहू-बेटियों के आवागमन पर कर्फ्यू सी स्थिति पैदा कर दी है। वहीं रही सही कसर यहां सड़क से सटी दुकानों में सर्व सुलभ शराब पूरा कर देती है। जिस महकमें पर अवैध शराब खोरी को रोकने का जिमा है वह मूक दर्शक बने तमाशबीन बना हुआ है। यहां बता दे कि तिकोनिया सड़क पर सजने वाले स्ट्रीट बारों पर कार्रवाही को लेकर कितने ही मर्तवा स्थानीय नागरिक पुलिस के साथ ही सम्बन्धित आबकारी विभाग में शिकायत कर चुके है पर विभाग हल्की-फुल्की दबिश दे कर अपने फर्ज की इतिश्री कर लेते है। जिस वर्कशॉप लाइन पर ये स्ट्रीट बार सजते है.... शेष पेज पर

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के चलते फैसला

# एयर इंडिया ने इस्राइल के लिए उड़ान सेवाएं रोकीं

**नई दिल्ली**

**एजेंसी**

पश्चिम एशिया में तनाव के माहौल को देखते हुए भारतीय एयरलाइंस कंपनी एयर इंडिया ने भारत और इस्राइल की राजधानी तेल अवीव के बीच संचालित होने वाली उड़ान सेवाओं को रोकने का फैसला किया है।

हमास के शीर्ष नेता इस्माइल हानिया की ईरान में हत्या के बाद से पश्चिम एशिया में तनाव चरम पर है। ईरान ने हानिया की मौत का बदला लेने के लिए इस्राइल पर हमले की धमकी दी है। इस्राइल हाई अलर्ट पर है। ऐसे हालात को देखते हुए भारतीय एयरलाइंस कंपनी एयर इंडिया ने भारत और इस्राइल की राजधानी तेल अवीव के बीच संचालित होने वाली उड़ान सेवाओं को रोकने का फैसला किया है।

एयर इंडिया ने एक बयान जारी कर बताया कि पश्चिम एशिया के हालात को देखते हुए हमने तेल अवीव के लिए प्रस्तावित संचालन को तुरंत प्रभाव से रोकने का फैसला किया है। तेल अवीव से यहां आने वाली और यहां से तेल अवीव जाने वाली विमानन सेवाएं फिलहाल 8 अगस्त 2024 तक रोकी गई हैं। हम लगातार हालात पर नजर बनाए हुए हैं।% एयर इंडिया ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि इस अवधि के दौरान जिन यात्रियों ने अपने टिकट बुक किए हुए हैं, उन्हें दोबारा टिकट बुक कराने पर एक बार छूट और कैंसिलेशन चार्ज से राहत दी जाएगी। अपने यात्रियों की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। अधिक जानकारी के लिए हमें 011-69329333 / 011-69329999 कॉल कर सकते हैं।



गौरतलब है कि बुधवार को ईरान में हमास के शीर्ष नेता इस्माइल हानिया की हत्या हो गई थी। हमास ने इसका आरोप इस्राइल पर लगाया। वहीं ईरान ने भी इस्राइल को हमले की धमकी दी। इसके जवाब में इस्राइल ने भी ईरान को कड़ा जवाब देने की बात कही है। इस्माइल हानिया की मौत से एक दिन पहले ही लेबनान के बेरूत में भी इस्राइल के हमले में हिजबुल्ला के शीर्ष कमांडर की मौत हो गई थी। जिस पर हिजबुल्ला ने भी इस्राइल को बदला लेने की धमकी दी है। हिजबुल्ला ने तो इस्राइल पर रॉकेट से हमले शुरू भी कर दिए हैं।

# फर्जी नौकरी रैकेट मामले में सीएम ने विदेश मंत्री को भेजा पत्र

**देहरादून**

**हमारे संवाददाता**

म्यांमार के फर्जी नौकरी रैकेट मामले में सीएम धामी ने विदेश मंत्रालय को पत्र लिखा है। उत्तराखंड के 15 से अधिक पुरुष व नौ महिलाएं बंधक बनाई गई हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने म्यांमार के फर्जी नौकरी रैकेट मामले में विदेश मंत्रालय से राजनयिक हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है।

उन्होंने विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर को पत्र भेजकर इस संबंध में भारतीय दूतावास की एडवाइजरी का भी हवाला दिया है। बृहस्पतिवार को उन्होंने खुद विदेश मंत्री से इस बाबत फोन पर बात भी की। मुख्यमंत्री ने पत्र में मीडिया रिपोर्ट की सूचना का भी जिक्र किया है। मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी आई है कि आकर्षक नौकरी के नाम पर थाईलैंड से करीब कई भारतीय म्यांमार के फर्जी नौकरी रैकेट के हवाले कर दिए गए। इनमें उत्तराखंड राज्य के 15 से अधिक पुरुष और नौ महिलाएं वहां बंधक बनाए गए हैं। विदेश मंत्री को लिखे पत्र में कहा, मैं आपको इस विषय के संदर्भ में आपातकालीन आधार पर लिख रहा हूं। लिखा, उत्तराखंड के 15 पुरुषों और नौ महिलाओं को म्यांमार में धोखाधड़ी वाले कॉल सेंटरों में काम



**अनुरोध**

- भारतीय दूतावास की एडवाइजरी का भी हवाला दिया

करने के लिए मजबूर किया गया है। इस स्थिति ने पीड़ितों के परिवारों में काफी परेशानी और मानसिक पीड़ा पैदा की है और उत्तराखंड के लोगों में गहरा डर उत्पन्न हो गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मैं आपके कार्यालय से तत्काल राजनयिक हस्तक्षेप करने और आवश्यक कार्रवाई करने का आग्रह करने के लिए बाध्य हूं। ताकि सभी निर्दोष व्यक्तियों को सुरक्षित बचाया जा सके और वापस लाया जा सके। कहा, उत्तराखंड राज्य अपने नागरिकों के कल्याण के बारे में बहुत चिंतित है और उन्हें सुरक्षित रूप से घर वापस लाने की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए विदेश मंत्रालय से प्राथमिकता और तत्काल सहायता चाहता है।

# छात्र-छात्राओं को ट्रैकसूट वितरित बांटे

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

समाज सेविका व भारतीय जनता पार्टी की महीला मोर्चा अध्यक्ष कविता गंगोला ने अपने ससुर मोहन को केमिस्ट्र के स्वामी स्व0 मोहनलाल गांगोला की स्मृति पर स्कूली छात्र-छात्राओं को ट्रैकसूट वितरित किए हैं बता दें कविता गांगोला हमेशा ही शिक्षा के क्षेत्र में छात्र छात्राओं को प्रोत्शाहित करने के लिए हमेशा ही सेवा भाव के साथ कार्य करती रहती हैं उसी के तहत आज सरस्वती शिशु मंदिर विधालय में कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों को अपने ससुर स्वर्गीय श्री मोहन लाल गंगोला( मोहन कोश केमिस्ट वाले) की स्मृति में 29 छात्र एवं छात्राओं को ट्रैकसूट वितरित किए तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। स्कूल प्रबंधन द्वारा कविता गांगोला का आभार व्यक्त करते हुए उनको अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की है। इस मौके पर कार्यक्रम में जिला प्रचारक राहुल जी, प्रधानाचार्या जगदीश तिवारी जी,कविता गंगोला जी,आनंद सिंह बिष्ट जी,विक्रम सिंह रावत जी, भुपेंद्र बिष्ट जी,अरुण कुमार साह जी, छात्र छात्राओं के अभिभावक तथा विधालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।



# कुमाऊं कमिश्नर ने बेस अस्पताल में डायलिसिस सेंटर में मारा छापा

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

सोबन सिंह जीना बेस चिकित्सालय में पीपीपी मोड पर संचालित डायलिसिस केन्द्र में चिकित्सक के अनुपस्थित रहने पर आयुक्त दीपक रावत ने कडी नाराजगी व्यक्त की और प्रमुख अधीक्षक बेस को नियमित मानिटरिंग करने के निर्देश दिये।

आयुक्त दीपक रावत ने शुक्रवार को डायलिसिस केन्द्र के निरीक्षण के दौरान चिकित्सक के अनुपस्थित रहने पर एक माह का सीसीटीवी फुटेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिये ताकि यह पता चल सके कि चिकित्सक कब केन्द्र में आ रहे है। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने पाया कि डायलिसिस केन्द्र में 25 बैड पर मराजों की डायलिसिस की जाती है लेकिन बैड की स्थिति काफी खराब होने पर आयुक्त ने केन्द्र संचालक को एक सप्ताह के भीतर मरीजों के बैड ठीक कराने के निर्देश दिये साथ ही प्रमुख अधीक्षक बेस को मानिटरिंग कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के भी निर्देश दिये। वर्तमान में डायलिसिस केन्द्र में प्रतिदिन लगभग 70 लोगों की डायलसिस की जाती है। आयुक्त ने प्रमुख अधीक्षक बेस को निर्देश दिये कि डायलिसिस सेंटर की व्यवस्थाओं में कोई भी कमी है तो उसकी लिखित सूचना महानिदेशक स्वास्थ्य के साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों को देना सुनिश्चित करें ताकि डायलिसिस केन्द्र की व्यवस्थाओं में सुधार किया जा सके।



बेस चिकित्सालय निरीक्षण के दौरान मौके पर तीनों गेटों पर सुरक्षा कर्मी नदारत पाये गये और बुलाने के पश्चात काफी देर के बार उपस्थित हुये जो सुरक्षा मानकों के अनुसार ड्रेस में भी नही पाये गये। जिस पर आयुक्त ने कडी आपत्ति जताई और प्रमुख अधीक्षक को सुरक्षा कर्मियों की नियमित मानिटरिंग के साथ ही सुरक्षा कर्मी के ड्रैस कोड को भी चैक करने के निर्देश दिये। इसके पश्चात आयुक्त द्वारा अटल आयुष्मान कक्ष का निरीक्षण किया गया। आयुक्त ने आयुष्मान के कक्ष के निरीक्षण के दौरान कहा कि सभी लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाय। उन्होंने कहा जिन लोगों के अभिलेख में कोई त्रुटि है तो उनका निस्तारण आयुष्मान कार्ड बनाये जांए। प्रमुख अधीक्षक बेस के कार्यालय के निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने कहा कि मुख्यालय के साथ ही अन्य कार्यालयों मे सभी प्रकार के पत्राचार ई-मेल के माध्यम से किये जाएं। निरीक्षण के दौरान बेस चिकित्सालय गेट के निकट आई लैंस ऑप्टिकल की दुकान द्वारा नाले व गेट पर अतिक्रमण कर टिन शैड बना दिया है जिस पर आयुक्त ने सायं 5 बजे तक टिन शैड हटाने के निर्देश दिये। इसके पश्चात श्री रावत ने केएमवीएन पार्किंग के निकट सडक के निरीक्षण के दौरान लोगों द्वारा सडक पर वाहनों को पार्क किया था जिस पर उन्होंने चालान की कार्यवाही करने के निर्देश सीओ को दिये। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त विशाल मिश्रा, सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेयी, सचिव विकास प्राधिकरण बीएन शुक्ल, सहायक नगर आयुक्त तुषार सैनी आदि थे।

# केन्द्रपोषित योजनाओं की मण्डल स्तरीय समीक्षा बैठक

**नैनीताल/भीमताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार, भीमताल में केन्द्रपोषित योजनाओं की मण्डल स्तरीय समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कुमाऊं आयुक्त ने केंद्र सरकार द्वारा जल जीवन मिशन, कृषि, पशु पालन, मत्स्य पालन, जल संरक्षण के लिए अमृतसरोवर, प्रधानमंत्री आवास योजना, मिड डे मील, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि विभिन्न योजनाएं चलायी गई।

इन योजनाओं के विकास कार्यों की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने बैठक में उपस्थित कुमाऊं मंडल के समस्त मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह कार्य जो धीमी गति से चल रहे हैं, उनमें तेज़ी लायी जाए और उनकी सूची तैयार कर अवगत कराया जाए। दीपक रावत द्वारा विकास भवन सभागार में जूट से वेग, मेट, चटाई व ऐंपण कार्य, मोमबत्ती निर्माण, दुग्ध उत्पादन, डेयरी, कृषि कार्य, स्प्रो आदि विभिन्न क्षेत्रों में




प्रशंसनीय और प्रगतिशील कार्य कर रही लखपति दीदी, ड्रोन दीदी व महिला समूह की चिन्हित महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प को साकार रूप देने के लिए एक पेड़ मां के नाम थीम के तहत कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने विकास भवन परिसर में रबड़ प्लांट्स का पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। पर्यावरण संरक्षण हमारे व हमारे आने वाले भविष्य के लिए कितना उपयोगी है, इस पर भी प्रकाश डाला। इस दौरान बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों ने भी पौधारोपण किया। कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत ने कहा कि सभी जनपदों में विकास कार्य अनवरत रूप से गतिमान हैं। जल संस्थान, एनआरएलएम, सिंचाई विभाग, कृषि विभाग, मत्स्य पालन, पशुपालन, पर्यटन आदि विभागों द्वारा अच्छा कार्य किया जा रहा है, लेकिन इन कार्यों को अभी ओर बेहतर करने की आवश्यकता है। आज अनेक क्षेत्रों में आजीविका के साधन बढ़े हैं, जिससे पलायन की गति पर अंकुश लगने का कार्य हो रहा है।

इस दौरान बैठक में सीडीओ नैनीताल अशोक कुमार पांडे, सीडीओ पिथौरागढ़ नन्दन कुमार, सीडीओ चम्पावत संजय कुमार सिंह, सीडीओ अल्मोड़ा आकांक्षा कोण्डे, सीडीओ बागेश्वर आरसी तिवारी, व सीडीओ उधम सिंह नगर मनीष कुमार आदि जिलों के मुख्य विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारी धारी, जिला अर्थ संख्या अधिकारी नैनीताल, एसपी सिटी नैनीताल, जिला विकास अधिकारी नैनीताल, नैनीताल जनपद के खण्ड विकास अधिकारी सहित अन्य विभागीय आलाधिकारी उपस्थित रहे।

## कूटा ने कर्मचारियों के प्रमोशन होने उन्हें बधाई दी

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर तथा कुमाऊं विश्वविद्यालय के कर्मचारियों के प्रमोशन होने पर कूटा ने उन्हें बधाई दी है। बता दें किशन भट्ट एवम पूरन चंद्र गुरुरानी वरिष्ठ प्रसासनिक अधिकारी मुक्ता सनवाल तथा आनंद रावत प्रशासनिक अधिकारी तथा लोकेश, सर्वेश पाठक, भावना राणा प्रधान सहायक , गणेश दत्त, मोहन रावत एवम विपिन चंद्र वरिष्ठ सहायक बने है। इस दौरान एलुमनी सेल अध्यक्ष डॉक्टर बीएस कालाकोटी ,उपाध्यक्ष डॉक्टर एसएस सामंत महासचिव ,प्रो ललित तिवारी सहित कूटा की तरफ से अध्यक्ष प्रो.ललित तिवारी महासचिव डॉ.विजय कुमार उपाध्यक्ष प्रो नीलू लोधियाल डॉक्टर दीपक कुमार, उपसचिव डॉक्टर संतोष कुमार, डॉक्टर दीपाक्षी जोशी डॉक्टर दीपिका गोस्वाम , प्रो. अनिल बिष्ट,डॉक्टर उमंग सैनी, डॉक्टर पैनी जोशी, डॉक्टर सीमा चौहान , डॉक्टर दीपिका पंत, डॉक्टर नागेंद्र शर्मा डॉक्टर युगल जोशी, डॉक्टर रितेश साह सहित कर्मचारी संघ अध्यक्ष गणेश सिंह बिष्ट ने बधाई दी है ।



# बंद मार्गों को प्राथमिकता से खोलने के प्रयास

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिले में हो रही बारिश ने एक बार फिर से लोगों के आने जाने पर रोक लगा दी है यह हम नहीं बल्कि नैनीताल जिला मुख्यालय स्थित जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र से मिले आंकड़े खुद बया करने के लिए काफी हैं। केंद्र में गुरुवार की शाम को चार बजे तक जिले के दो राज्य मार्ग समेत 10 ग्रामीण मोटर मार्गो के बंद होने की सूचना है। दूसरी ओर लोक निर्माण विभाग की ओर से बंद मार्गों को प्राथमिकता से खोलने के प्रयास किए जा रहे हैं। जिले में जो मोटर मार्ग बंद पडे हैं उनमें क्रमश: रामनगर-भंडारपानी, देवीपुरा-सौड़, फतेहपुर-पीपल अणिया, हरीशताल, पिनसालीधार-पिनसेला मोटर मार्ग, हल्द्वानी-कालाढूंगी, फतेहपुर-बेल, बेल-बसानी, लमजाला, बानना बासा-जंगलियागांव, देवीपूरा-सौड तथा ओखलकांडा-कनाला शामिल हैं। नैनी झील नियंत्रण कक्ष के प्रभारी रमेश सिंह गैड़ा ने बताया कि नैनी झील का जलस्तर गुरुवार को लगातार दूसरे दिन भी 9 फीट 6 इंच पर स्थिर बना हुआ है। उन्होंने कहा कि झील के निकासी गेटों से दो इंच पानी की निकासी की जा रही है। बताया कि 24 घंटे के भीतर 90 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की गयी है वही 1 जनवरी से लेकर अब तक कुल 1110 मिलीमीटर बारिश रिकार्ड की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 में झील के निकासी गेट 15 जुलाई को खोले गए थे तब झील का जलस्तर 9 फीट पहुंच गया था।

# रक्तदान शिविर का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर के निकटवर्ती प्रतिष्ठित पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार नैनीताल, विद्यालय के माधव सभागार में आज विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा इकाई द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। उद्घाटन शिविर की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ0 सूर्यप्रकाश जी ने की जबकि मुख्य अतिथि के रूप में रेशमा टंडन (आर्ट ऑफ लिविंग) ने की।

विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सेवा योजना के मंडल समन्वयक ललित मोहन पाण्डेय (पूर्व मण्डल समन्वयक) तथा कविता गंगोला जी थीं। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. सूर्य प्रकाश जी ने कहा कि ''इंसानियत को प्रेरित करता है रक्तदान, इसलिए इसे कहते हैं महादान'' अत: हम सभी को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। मुख्य अतिथि महोदया रेशमा टंडन जी ने कहा रक्तदान हमारे संस्कार में होना चाहिए। इस रक्तदान शिविर में लगभग 35 लोगों ने कुल 28 यूनिट रक्त दिया, जिसमें विद्यालय के एकेडमिक क्राडिनेटर डॉ0 माधव प्रसाद, निर्दोष शर्मा, कुलदीप, दीपक चौधरी, अपूर्व विद्यालय के सेवा योजना प्रभारी रजत कुमार सिंह, अक्षय यादव सहित 35 लोगों ने रक्तदान किया।

इस शिविर में बी.डी.पाण्डे चिकित्सालय के डॉ. प्रियांशु श्रीवास्तव के नेतृत्व में रजनीश मिश्रा, संगीता प्रकाश (स्टाफ नर्स), कु0 आकांक्षा, संदीप तथा प्रेमा जगाती के चिकित्सक डॉ. पंकज शुक्ला थे। आज के इस रक्तदान शिविर में नैनीताल जिले के जिला प्रचारक राहुल, सरस्वती खेतवाल, ममता रावत, सुनीता वर्मा, नितिन कार्की, संगीता शाह, मंजू नेगी, इंदर सिंह नेगी, महेश जोशी तथा विद्यालय सेवा योजना के सभी स्वयंसेवक उपस्थित थे।




## NEWS / फटाफट

### डंपिंग जोन बनाये जाने का ग्रामीणों ने विरोध किया

**नैनीताल ।** नगर के समीपवर्ती रुसी बाइपास क्षेत्र में निर्माण सामग्री व अन्य मलबे के लिए डंपिग जोन बनाये जाने का ग्रामीणों ने विरोध शुरू कर दिया है। सौलिया व दाडिम के ग्रामीणों ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट में प्रशासन को ज्ञापन सौंप क्षेत्र से डंपिंग जोन हटाये जाने की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा है कि डंपिंग जोन के लिए जिस स्थान का चयन किया गया है उसके ठीक नीचे सौलिया व दाडिम गांव स्थित है जहां करीब 40 परिवार निवासरत हैं। पूर्व से ही पूरा क्षेत्र भूस्खलन की दृष्टि से संवेदनशील है, ऐसे में डंपिंग जोन में एकत्रित मलबे के कारण यदि भूस्खलन हुआ तो नीचे के गांव भी इसकी चपेट में आ जायेंगे जिससे जनहानि के साथ ही नीचे संचालित कूण पंपिंग योजना व सौलिया तथा जमीरा के लिए बने पेयजल टेंक भी क्षतिग्रस्त हो जायेंगे। ग्रामीणों ने डंपिंग जोन के लिए किसी और स्थल का चयन करने की मांग की है।

### एक सूत्रीय मांग को लेकर धरना जारी

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितिकरण की एक सूत्रीय मांग को लेकर गुरुवार को देहरादून स्थित एकता बिहार में धरना जारी रहा। धरने से पूर्व कर्मचारियों ने पौधारोपण किया। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी ने कहा कि गुरुवार को भी समूचे कुमाऊं व गढ़वाल मंडल विकास निगम की इकाइयों में निगम कर्मचारियों ने विभिन्न प्रजाति के सैकड़ों पौधे लगाए और वृहद स्तर पर सफाई अभियान चलाया। निगम कर्मचारियों ने विभिन्न माध्यमों से नियमितीकरण संबंधी ज्ञापन मुख्यमंत्री को प्रेषित करवाया। गुरुरानी ने दावा किाय है कि निगम कर्मियों के आंदोलन से जनता व पर्यटकों को कोई परेशानी नहीं हो रही है वहीं निगम का भी कोई कार्य प्रभावित नहीं हो रहा है। उसके बावजूद भी अगर किसी भी कर्मचारी का उत्पीडन् किया गया तो उसे कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# डीएसबी में मुंशी प्रेम चंद्र जयंती के अवसर पर किया नाट्य प्रस्तुति का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

सरोवर नगरी मे हिन्दी एवं अन्य भारतीय भाषा विभाग कुविवि डीएसबी परिसर नैनीताल एवं रंगरेज थिएटर ग्रुप दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को मुंशी प्रेम चंद्र जयंती के अवसर पर जुलूस कहानी की नाट्य प्रस्तुति का आयोजन डीएसबी परिसर में किया गया।

इससे पूर्व हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. निर्मला ढैला बोरा ने सभी आगन्तुकों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की भूमिका पर प्रकाश डाला जबकि परिसर की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा ने कार्यक्रम की सफल प्रस्तुति पर उसकी सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुमाऊं विवि के कुलपति प्रो.दीवान सिंह रावत ने नाटक के सभी पात्रों के अभिनय की सराहना करते हुए



विश्वविद्यालय में इस प्रकार की रंगमंचीय गतिविधियों के आयोजन की आवश्यकता जताई।

इस मौके पर प्रो.चंद्रकला रावत ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया जबकि संचालन डा. दीक्षा मेहरा ने किया। इस मौके पर प्रो.शिरीष कुमार मौर्य, डॉ.शशि पांडे, डॉ. शुभा मटियानी, मेधा नैलवाल, डा. कंचन आर्या, डा. मथुरा इमलाल,कुविवि शिक्षक संघ के अध्यक्ष अध्यक्ष प्रो0ललित तिवारी समेत प्रो0 ज्योति जोशी, प्रो0 गीता तिवारी, प्रो. सुषमा, प्रो. नीलू लोधियाल, डॉ. आशीष मेहता, डॉण् शिवांगी, डॉ. दीपिका, डॉ. हरिप्रिया, डॉ. मोनिका तथा प्रो. गिटीश रंजन तिवारी आदि रहे। नाटक जुलूस के मंचन में शिवानी, सृष्टि, पूजा, देवेन्द्र, भगवती, धीरज, सुमित, विनीता, आरती आदि शोध छात्र-छात्राओं के अलावा अन्य कक्षाओं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। उल्लेखनीय है कि जुलूस का निर्देशन हिन्दी विभाग के प्राध्यापक व रंगरेज थियेटर ग्रुप दिल्ली के डा.कपिल कुमार की ओर से किया गया।

# डीएसबी परिसर के छात्र डॉक्टर रंजीत सिंह सीईओ बने

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

सरोवर नगरी में डीएसबी परिसर के पूर्व छात्र तथा उत्तराखंड के चंपावत निवासी डॉक्टर रंजीत सिंह मेहता जनरल सेक्रेटरी एवं सीईओ प्रतिष्ठित पीएचडी चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ़ इंडिया बने ।

डॉक्टर मेहता ने 1983 में बीकॉम कुमाऊं विश्वविधालय से गोल्ड मेडल प्राप्त किया तथा 1985 में एमकॉम डीएसबी से किया ।2009 में डॉक्टर मेहता ने पीएचडी प्री आरसी मिश्रा के निर्देशन में पूर्ण की तथा इस मुकाम तक पहुंचे ।उनकी सफलता पर कुलपति प्रो दीवान सिंह रावत ,निदेशक प्री नीता बोरा शर्मा ,डीएसडब्ल्यू प्रो संजय पंत ,निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर प्रो ललित तिवारी, सहित एलुमनी

सेल अध्यक्ष डॉक्टर बीएस कालाकोटी ,उपाध्यक्ष डॉक्टर एसएस सामंत ,डॉक्टर जीसी जोशी , महासचिव ,प्रो ललित तिवारी सहित कूटा की तरफ से अध्यक्ष ,



महासचिव डॉ.विजय कुमार उपाध्यक्ष प्रो नीलू लोधियाल डॉक्टर दीपक कुमार ,उपसचिव डॉक्टर संतोष कुमार ,डॉक्टर दीपाक्षी जोशी डॉक्टर दीपिका गोस्वामी ,,प्रो अनिल बिष्ट ,डॉक्टर उमंग सैनी,डॉक्टर पैनी जोशी ,डॉक्टर सीमा चौहान , डॉक्टर दीपिका पंत ,डॉक्टर नागेंद्र शर्मा ,डॉक्टर युगल जोशी , डॉक्टर मेहता को बधाई दी है ।

# अभिमत

## भगवान बनने से बचें

***यह सही है कि देश में ढांचागत विकास में तेजी आई है, लेकिन कुछ लोग विकास का श्रेय लेने के लिए खुद को भगवान समझ लेते हैं। सरकार की उपलब्धियों का बखान करते हुए अपने को सुपरमैन साबित करना चाहते हैं। मोहन भागवत का यह कहना कि आत्म-विकास करते समय विश्वरूप की आकांक्षा रखते हैं, इस एक वाक्य का विश्लेषण करते हुए विभिन्न क्षेत्र के लोग अलग-अलग भावार्थ निकाल सकते हैं। विभिन्न संस्थाओं द्वारा मीडिया में आंकड़ों के माध्यम से दावा किया जाता है कि विश्व स्तर की सूची में अमुक नेता का क्या स्थान है। उन संस्थाओं की रिपोर्ट के सर्वे पर विश्वास करना संभव नहीं है।***

सृष्टि के सभी प्राणियों में मनुष्य को विवेकशील और श्रेष्ठ माना गया है, लेकिन कई बार मनुष्य विवेक का उपयोग नहीं करते हैं। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने मानवीय गुणों का उल्लेख करते हुए परोक्ष रूप से नेताओं, सम्पन्न वर्ग और देश की ज्वलंत समस्याओं के लिए जिम्मेदार लोगों पर तीखा कटाक्ष किया है। मोहन भागवत ने कहा कि विकास एक सतत प्रक्रिया है। इसका कोई अंत नहीं है। आत्म-विकास करते समय एक मनुष्य सुपरमैन बनना चाहता है, इसके बाद वह देवता और फिर भगवान बनना चाहता है। विश्वरूप की भी आकांक्षा रखता है। कुछ लोगों में मनुष्य होने के बावजूद मानवीय गुणों का अभाव होता है। सबसे पहले अपने अंदर इन गुणों को विकसित करना चाहिए। दरअसल विकास का अंत नहीं है। देश में नये-नये आयाम स्थापित करने की जरूरत है। यह सही है कि देश में ढांचागत विकास में तेजी आई है, लेकिन कुछ लोग विकास का श्रेय लेने के लिए खुद को भगवान समझ लेते हैं। सरकार की उपलब्धियों का बखान करते हुए अपने को सुपरमैन साबित करना चाहते हैं। मोहन भागवत का यह कहना कि आत्म-विकास करते समय विश्वरूप की आकांक्षा रखते हैं, इस एक वाक्य का विश्लेषण करते हुए विभिन्न क्षेत्र के लोग अलग-अलग भावार्थ निकाल सकते हैं। विभिन्न संस्थाओं द्वारा मीडिया में आंकड़ों के माध्यम से दावा किया जाता है कि विश्व स्तर की सूची में अमुक नेता का क्या स्थान है। उन संस्थाओं की रिपोर्ट के सर्वे पर विश्वास करना संभव नहीं है। संस्थाओं की मान्यता संदिग्ध होती है। निजी स्वार्थ के लिए नेता और उद्यमी स्वयं संस्थाओं का गठन करके अपनी पहचान बनाने की तिकड़म करते हैं। करीब-करीब हर महीने मीडिया में शासनाध्यक्ष को विश्व के अन्य देशों के प्रधानमंत्रियों अथवा राष्ट्रपति से ज्यादा लोकप्रिय बताया जाता है। जिस संस्था की रिपोर्ट के आधार पर यह दावा किया जाता है, उस संस्था का ही कोई आधार नहीं होता है। उद्योग समूह के स्वामियों के बारे में आये दिन मीडिया के माध्यम से बताया जाता है कि कौन उद्यमी सबसे अमीर है। कुछ दिन बाद किसी दूसरे धनाढ्य को सूची में ऊपर कर दिया जाता है। देश का सबसे अधिक अमीर होने का उल्लेख तो किया जाता है, लेकिन उस अमीर द्वारा देशहित और जनहित में किये कार्यों के बारे में नहीं बताया जाता है। नेता अथवा अमीर होने से कहीं अधिक मानवीय गुण और जनसेवा के कार्य करने का महत्व है। विकास कार्य व जनहित के लिए ही नेता का चुनाव किया जाता है। यह कार्य करने से कोई भगवान नहीं हो जाता है।

# हल्द्वानी टैंट एसोसिएशन ने किया कांवड़ियों का पुष्प वर्षा से स्वागत

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

महानगर टैंट एसोसिएशन के तत्वावधान में कांवड़ियों का पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। चांदनी चौक घुड़दौडा रामपुर रोड के शिवभक्त गोमुख व हरिद्वार से गंगाजल लेकर शुक्रवार को शहर पहुंचे। इस मौके पर बैंकट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में एसोसिएशन के महानगर अध्यक्ष हर्षवर्धन पांडे के नेतृत्व में कांवड़ियों का जोरदार तरीके से स्वागत किया गया। इस दौरान भंडारे का भी आयोजन किया गया। कांवड़ियों का दल कुंदन बोरा के नेतृत्व में रवाना हुआ था। इनमें नवीन बोहरा, कुंवर सिंह,



पंकज बिष्ट, हिमांशु संगरोला, त्रिलोक मेहरा, करन गोमुख से गंगा जल लेकर आये हैं जबकि मनोज बोहरा, नवीन बिष्ट, हर्षित बिष्ट, मनोज बिष्ट, मोहित संगरोला, ललित कुलयाल, प्रांजल बोरा, श्याम सिंह, खुशाल बृजवाल, तारा बिष्ट, नितेश बिष्ट, रक्षित बिष्ट, मनीष कुल्याल, भावेश बिष्ट, नंदन सिंह बिष्ट, नितिन बिष्ट, कमल हलवाई, मदन सिंह, मोहन नैनवाल, कुलदीप बिष्ट, वीरेंद्र बोरा, नवीन नेगी, चंदन बाबा, हरीश बिष्ट हरिद्वार से कांवड़ लेकर पहुंचे। दल में सबसे कम उम्र के भक्त 12 वर्ष हर्षित बिष्ट व सबसे बुजुर्ग 60 वर्षीय महेश तिवारी शामिल रहे।

कांवड़ियों का स्वागत करने वालों में एसोसिएशन के महामंत्री लक्ष्मण सिंह बिष्ट, विमल तौलिया, प्रकाश भट्ट, भोला दत्त भगत, भगवती प्रसाद जोशी, मनोज कपिल, योगेश तिवारी, राजू भट्ट, हेम भगत, पूरन नेगी, हेमंत बिष्ट, मोहन जोशी, गिरिजा नंदन भट्ट, देवेश भट्ट आदि शामिल थे।

## कॉन्टैक्टर्स वेलफेयर सोसाइटी की आम बैठक

**नैनीताल।** सरोवर नगरी के कॉन्टैक्टर्स वेलफेयर सोसाइटी की आम बैठक संघ भवन में आयोजित की गई। इस दौरान ठेकेदारों का कहना था की शासन प्रशासन द्वारा ठेकेदारों का उत्पीड़न किया जा रहा है जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इस दौरान सर्वसम्मति से निर्णय दिया गया आगामी 12 अगस्त को शहर के सभी ठेकेदारों की एक आम बैठक सभी समस्याओं को लेकर की जाएगी जिसमें आगे की रणनीति तय की जाएगी जिससे ठेकेदारों की समस्या का समाधान हो उन्होंने सभी ठेकेदारों से समय से बैठक में पहुंचने की अपील की है। इस मौके पर अध्यक्ष राजेंद्र सिंह मेहरा, सचिव ललित सिंह बरगली, उपाध्यक्ष गोविंद सिंह बरगली,बहादुर सिंह रौतेला,नजमी नवाब, फारूक भाई, गोविंद जोशी, के के शर्मा, मोहम्मद असलम, गोपाल सिंह बिष्ट, नारायण सिंह कार्की, पूरन सिंह बोहरा मोहम्मद शाहनवाज, जीवन सिंह बोरा, सहित अन्य ठेकेदार मौजूद थे।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम प्रमोद कुमार अग्रवाल से बदलकर प्रमोद अग्रवाल गोल्डी रख लिया है, अत: भविष्य में मुझे प्रमोद अग्रवाल गोल्डी नाम से जाना, पहचाना जाए। प्रमोद अग्रवाल गोल्डी पुत्र स्व0 ओम प्रकाश अग्रवाल, लाला देवकी नंदन नंद किशोर एजेंसी, गोल्डी ओम हाउस, बद्रीपुरा, हल्द्वानी, नैनीताल, (उत्तराखण्ड)

# आयोजन: अनु गोयल बनी तीज क्वीन

**हल्द्वानी।** मृदुला नारी शक्ति क्लब का तीज उत्सव रामपुर रोड स्थित पैलेस में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें विभिन्न तरीके के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए और लोगों ने उत्साहपूर्वक रूप से प्रतिभाग किया। इस मौके पर फन गेम्स और तीज क्वीन का चुनाव किया गया। जिसमें तीज क्वीन अनु गोयल चुनी गई। क्लब की अध्यक्ष नीतू अग्रवाल ने सभी को तीज की बधाइयां दी और



कहाँ कि भारत में इस प्रकार के उत्सव लोगों में ऊर्जा और उमंग का संचार करते है। क्लब की महासचिव दिपिंका अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया और बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन रंजना अग्रवाल अंजलि मित्तल और रागिनी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अंजलि अग्रवाल, प्राची अग्रवाल, एकता अग्रवाल, मीनू गुप्ता, निधि अग्रवाल, प्रियंका गुप्ता, प्रियंका सक्सेना, निकिता अग्रवाल, निमिष गर्ग, पूजा अग्रवाल, गुंजन सिंघल, पूजा अरुण अग्रवाल, पारूल गर्ग, ज्योति अग्रवाल, पारुल अग्रवाल, सोनू जोशी उपस्थित रहे।

# वृहद रूप से पौध वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विश्वविद्यालय की भीमताल स्थित परिसर में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम के तहत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत के मार्गदर्शन में गुरुवार को वृहद रूप से स्थानीय जनों को पौध वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया साथ ही पौधरोपण कार्यक्रम भी संचालित किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने उपस्थित छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए विश्वविद्यालय में शैक्षिक एवं शोध के उन्नयन हेतु विविध कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला एवं छात्र व शोधार्थियों के हित में विश्वविद्यालय द्वारा प्रारंभ की गई। उन्होंने विद्यार्थियों से विभिन्न फैलोशिप योजनाओं का लाभ लेने का भी आह्वान किया। कार्यक्रम में पौध वितरण कार्यक्रम प्रख्यात पर्यावरणविद् डॉ. आशुतोष पंत के सहयोग से परिसर में पौधों का



वितरण किया गया। डा. पंत ने प्रत्येक व्यक्ति से जीवन काल में कम से कम 31 पौधे लगाने का आह्वान करते हुए पौधों के संरक्षण का आह्वान किया। कार्यक्रम में परिसर निदेशक प्रो. एल के सिंह ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम का संचालन करते हुए परिसर की अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. वीना पांडे ने सभी अतिथि गणों का स्वागत किया एवं उपस्थित समस्त क्षेत्र की जनता को पौध वितरण करने हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में संकायाध्यक्ष तकनीकी संकाय प्रोफेसर कुमुद उपाध्याय, विभागाध्यक्ष प्रबंध अध्ययन विभाग प्रो. अमित जोशी, विभागाध्यक्ष भेषज विज्ञान विभाग प्रो. अनीता सिंह, विभागाध्यक्ष जैव प्रौद्योगिकी प्रो. तपन कुमार नैलवाल समेत प्रो. अर्चना नेगी साह, डॉ. तीरथ कुमार, कुलानुशासक डॉ. रिशेंद्र कुमार, डॉ संतोष उपाध्याय, डॉ. हितेश पंत, डॉ. मंजू, डॉ. लक्ष्मण सिंह रौतेला तथा हीरा किरौला, गिरीश भट्ट, पूर्व सभासद आशा उप्रेती सहित भारी संख्या में स्थानीयजन एवं परिसर के शिक्षक कर्मचारी एवं छात्र उपस्थित रहे।

# फिल्मी दुनिया

## करिश्मा कपूर ने सलमान, शाहरुख और आमिर में बताया अंतर



*करिश्मा कपूर ने बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता सलमान खान, शाहरुख खान और आमिर खान की विशेषता बताई है। उन्होंने उन तीनों के बीच में क्या फर्क है, इस पर भी प्रकाश डाला। आइए जानते हैं करिश्मा कपूर ने तीनों खानों को लेकर क्या कहा? करिश्मा कपूर बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्रियों में से एक हैं। वह उन अभिनेत्रियों में से एक हैं जिन्होंने बॉलीवुड के तीनों खान के साथ काम किया है। बता दें कि करिश्मा ने शाहरुख खान के साथ 'दिल तो पागल है', सलमान खान के साथ 'जुड़वा' और आमिर खान के साथ 'राजा हिंदुस्तानी' में काम किया है। हाल ही में अभिनेत्री ने एक साक्षात्कार में तीनों खानों के साथ काम करने के अनुभव को साझा किया। उन्होंने बताया कि वह तीनों एक-दूसरे से कैसे अलग हैं। आइए जानते हैं अभिनेत्री ने क्या कहा? बातचीत के दौरान करिश्मा ने सलमान, शाहरुख और आमिर के साथ काम करने के अनुभवों को साझा किया। अभिनेत्री ने कहा, 'हम सभी एक साथ बड़े हुए हैं। मुझे लगता है कि वे सभी बहुत खास हैं और एक-दूसरे से बहुत अलग हैं। उनकी कार्यशैली बहुत अलग है और यही उनकी खासियत है।' करिश्मा ने तीनों अभिनेताओं के खूबियों के बारे में बताते हुए कहा, 'सलमान खान ज्यादा मस्ती करने वाले और मजेदार हैं, लेकिन शॉट के समय वह बहुत गंभीर होते हैं। शाहरुख खान बेहद मेहनती और बहुत उदार अभिनेता हैं। वह आपके साथ बैठेंगे और आपकी लाइनें बोलेंगे, जो कि एक बहुत बढ़िया गुण है।'*

### करिश्मा कपूर का वर्क फ्रंट

*करिश्मा कपूर ने 1991 में 'प्रेम कैदी' से अपने बॉलीवुड करियर की शुरुआत की। उसके बाद, उन्होंने 'राजा हिंदुस्तानी', 'हसीना मान जाएगी', 'दिल तो पागल है' और 'जुबैदा' जैसी कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों में अभिनय किया। उन्हें आखिरी बार 'मर्डर मुबारक' में देखा गया था। करिश्मा के आगामी कार्यों की बात करें तो वह अभिनय देव के थ्रिलर शो ब्राउन में अभिनय करेंगी, जो जी5 पर रिलीज होगी।*

पेज एक का शेष...

# खुलेआम टकराते हैं जाम से जाम, डीएम कैंप...

...उसके ठीक सामने वन विभाग की पूरी कॉलोनी है। कॉलोनी में रहने वाले परिवारों को इन स्ट्रीट बारों पर होने वाले शोरगुल से तो आये दिन दो चार होना ही पड़ता है साथ ही कॉलोनी की बहू-बेटियों के आवागमन में भी ये बार परेशानी का सबब बने हुये है।

इन ठेलारूपी स्ट्रीट बारों पर शाम के समय लगने वाली भीड़ से महिलाओं का सड़क पर चलना दुर्भर हो गया है। शिकायतों के बाद भी इन स्ट्रीट बारों के खिलाफ किसी भी प्रकार की ठोस कार्रवाई का न हो पाना किसी बड़ी मिली भगत को दर्शाता है।

स्ट्रीट बारों के साथ ही सड़क से लगी अधिकांश दुकानों में शराब का आसानी से उपलब्ध होना शराब के बडे खेल की ओर इशारा करता है जो शराब माफिया द्वारा सुनियोजित ढ़ंग से संचालित किया जा रहा है, जिसकी गहरायी से जांच किये जाने की नितांत आवश्यकता है। शराब के इस अवैध खेल से सरकार को तो राजस्व की हानि हो ही रही है साथ ही सामाजिक माहौल भी प्रदूषित हो रहा है।

> *शराब पीने और पिलाने वालों के खिलाफ अभियान जल्द चलायाजाएगा इतना ही नहीं होटल व दाबो में शराब पिलाने वाले होटल वा ठेले वालों केखिलाफ भी कार्रवाई अमल मेंलाई जाएगी।*
> ***-नितिन लोहनी***
> ***क्षेत्रीयअधिकार हल्द्वानी***

News कॉर्नर

### ट्रांजिट कैंप पुलिस ने दबोचा अवैध शराब की तस्करी करते तस्कर

**रुद्रपुर।** जनपद में अवैध शराब समेत नशा मादक पदार्थों की तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी कार्रवाई के दौरान थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने एक शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से अवैध शराब बरामद की। पुलिस उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही। पुलिस के मुताबिक पुलिस अधीक्षक नगर मनोज कुमार कत्याल व एएसपी/क्षेत्राधिकारी निहारिका तोमर रुद्रपुर के निर्देशानुसार प्रभारी निरीक्षक भारत सिंह के नेतृत्व पुलिस द्वारा अवैध शराब बेचने वालों पर कार्रवाई की जा रही। इसी बीच पुलिस को देख एक संदिग्ध भागने लगा। पुलिस ने उसे घेराबंदी कर पकड़ लिया। इंस्पेक्टर ने बताया कि उसके पास से अवैध शराब बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में उसने अपना नाम निर्मल थापा पुत्र वन बहादुर निवासी एफ ब्लॉक थाना ट्राजिट कैंप बताया। उन्होंने बताया कि उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया और उसे कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।

### चोरों ने ई-रिक्शा पर किया हाथ साफ

**हल्द्वानी।** वाहन चोरों के हौंसले बुलंद होते जा रहे हैं। चोरों ने सुशीला तिवारी अस्पताल के समीप खड़े ई-रिक्शा पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। जानकारी के अनुसार बेल बाबा रामपुर रोड निवासी सूरज सिंह अपनी जीविका चलाने के लिए ई रिक्शा ( संख्या- यू04 -श्क्र1858 ) पर निर्भर है । वह 31 जुलाई को सुशीला तिवारी के पास विंध्यवासिनी होटल और निर्माणाधीन परिसर के बीच वाली रोड पर अपना ई-रिक्शा खड़ा करके किसी को परिचित को देखने सुशीला तिवारी अस्पताल में गए।

# उद्यमिता को अपनाने के मकसद से फैकल्टी मेंटर विकास कार्यक्रम

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड उच्च शिक्षा विभाग तथा भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद के बीच हुए एमओयू के तहत विद्यार्थियों में रोजगार के विकल्प के रूप में उद्यमिता को अपनाने के लिए जागृत करने के विशेष मकसद से फैकल्टी मेंटर विकास कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

उत्तराखंड के विभिन्न विश्वविद्यालयों तथा राजकीय महाविद्यालयों से प्राध्यापकों को फैकल्टी मेंटर विकास कार्यक्रम के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा रहा है तथा फैकल्टी मेंटर बनाया जा रहा है। इस योजना के तहत कुमाऊं



विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल से डॉ.विजय कुमार वाणिज्य विभाग भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद से प्रशिक्षण लेकर लौट आए हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत डीएसबी परिसर नैनीताल में देवभूमि उद्यमिता केंद्र खोला जाएगा तथा विद्यार्थियों को रोजगार के विकल्प के रूप में उद्यमिता को अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इसके लिए बूट कैंप किया जाएगा। विद्यार्थियों का इस योजना के लिए पंजीकरण करवाया जायेगा। कहा कि दो सप्ताह का उद्यमिता विकास कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा तथा सफ ल उद्यमियों के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया जाएगा। डॉ. विजय कुमार के मुताबिक बीते 21 से 26 जुलाई तक भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान अहमदाबाद में उत्तराखंड के विभिन्न विश्वविद्यालयों तथा राजकीय महाविद्यालय के प्राध्यापकों को इस योजना के तहत प्रशिक्षित किया गया था।

# पर्यावरण मित्रों ने आमसभा कर आंदोलन की दी चेतावनी



हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

उत्तरांचल स्वच्छकार कर्मचारी संघ से जुड़े सफाई कर्मियों ने नगर निगम प्रांगण में आमसभा कर आंदोलन की चेतावनी दी है। इस दौरान संघ नेताओं ने कहा कि 11 सूत्रीय मांगपत्र को लेकर सफाई कर्मचारी लंबे समय से संघर्षरत हैं, इसके बावजूद निगम प्रशासन कोई सुनवाई नहीं कर रहा है।

उन्होंने चेताया कि यदि निगम प्रशासन ने जल्द मांगों का निराकरण न किया तो आंदोलन किया जाएगा। सभा में संघ के प्रदेश अध्यक्ष रामअवतार राजौर, सुनील चौधरी, सुरेश लाला, विनय पाल, अशोक राज, राजेश, जगपाल, रामकिशोर, विपिन, विशाल, अजय कुमार, अरुण कुमार, कपिल, अमन कुमार, नीरज, रीना, नेहा, माया चौधरी, मीना, रेनू आदि मौजूद थे।

# जमीन का मालिकाना हक दिलाने को सीएम से मिले

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

दमुवाढूंगा के वार्ड 35, 36 व 37 में बंदोबस्ती की कार्यवाही कर जमीन का मालिकाना हक दिलाने की मांग को लेकर स्थानीय लोग कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत के नेतृत्व में देहरादून में मुख्यमंत्री से मिले। इस दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने मुख्य सचिव को इस मामले के निराकरण के निर्देश दिये हैं।

सीएम से मिलने वालों में पूर्व ग्राम प्रधान व भाजपा नेता महेश जोशी, निवर्तमान पार्षद देवी दयाल उपाध्याय, पूर्व प्रधान विजय कुमार पप्पू, युवा भाजपा नेता हृदयेश कुमार, नगर मंत्री भाजपा हरीश सिंह गौरा आदि शामिल थे।



# डीएम ने ट्रंचिगं ग्रांउड का स्थलीय निरीक्षण किया



रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

गुरुवार को जिलाधिकारी/प्रशासक नगर निगम उदयराज सिंह ने ट्रंचिगं ग्रांउड का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मीडिया से मुखातिब होते हुये कहा कि न्यायालय, भारत सरकार व राज्य सरकार के निर्देशानुसार पर्यावरण की स्वच्छता के लिये रूद्रपुर शहर में स्थित ट्रांचिगं ग्रांउड से लगभग एक लाख टन कूड़े का निस्तारण कर दिया गया है। ट्रंचिगं ग्रांउड का लगभग ढाई एकड़ का क्षेत्र खाली हो गया है। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र को ग्रीन स्पेस के रूप में विकसित किया जायेगा। डीएम ने कहा कि इस स्थान पर मिट्टी का भरान कर पौधारोपण व सौन्दर्यीकरण कराया जायेगा। जिलाधिकारी ने अवशेष कूड़े के निस्तारण हेतु कार्यदायी संस्था को लिगेसीवेस्ट ट्रिटमेंट में गति लाने के निर्देश दिये साथ ही कहा कि लिगेसीवेस्ट को ट्रिटमेंट कर आरडीएफ व वायोसायल को शीघ्र हटाया जाए। लिगेसी ट्रिटमेंट कार्य व उसका डिस्पोजल एनजीटी के मानकों के अनुसार वैज्ञानिक तरीके से किया जाये। डीएम ने एनएचआई के अधिकारियों को कहा कि ट्रंचिगं ग्रांउड के कारण सड़क के किनारे गड्ढो से दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्र हो गया है इसलिए क्रैश बैरियर लगाये ताकि कोई दुर्घटना न घटे व यातायात भी प्रभावित न हो। इसके साथ ही एनएचआई को जल निकासी हेतु पक्की ड्रेनेज बनाने के भी निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान एडीएम पंकज उपाध्याय, एसडीएम मनीष बिष्ट , नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, एनएचआई से सोनू गुप्ता, कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि आदि मौजूद थे।

### इग्नू में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि 14 अगस्त तक

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के इग्नू के मुख्य समन्वयक प्रो.ललित तिवारी के मुताबिक इग्नू में जुलाई 2024 सत्र में ऑनलाइन तथा ओडीएल दोनों ही माध्यमों में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि 14 अगस्त तक विस्तारित कर दी गयी है। प्रो.तिवारी ने कहा कि शिक्षार्थी अंतिम तिथि तक इग्नू द्वारा संचालित विभिन्न ऑनलाइन एवं ओडीएल कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। बताया कि विश्वविद्यालय ने जुलाई 2024 सत्र से कई नए रोजगारपरक कार्यक्रम शुरू किये हैं जिनमें कई मेरिट आधारित कार्यक्रम भी हैं शिक्षार्थियों को इन पाठ्यक्रमों में नामांकन करना चाहिए।

# लघु उद्यमियों का चयन जिला स्तरीय एवं राज्य स्तर पर गठित समिति करेगी

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

महाप्रबन्धक उद्योग विपिन कुमार ने बताया कि विगत वर्षो के भॉति इस वर्ष 2024-25 में स्थापित उद्यमों को उनके द्वारा उत्पादित विशिष्ट उत्पादों की उत्कृष्टता के आधार में हथकरघा/हस्तशिल्प एवं लघु उद्योग पुरस्कार जिला स्तरीय एवं राज्य स्तरीय दिया जाना है।

उन्होंने बताया कि उत्कृष्ट बुनकरों/हस्तशिल्पियों एवं लघु उद्यमियों का चयन जिला स्तरीय एवं राज्य स्तर पर गठित समिति द्वारा किया जायेगा। उन्होंने बताया कि बुनकर एवं हस्तशिल्पियों या उसके उद्योग जो उद्योग निदेशालय उत्तराखंड द्वारा अथवा विकास आयुक्त हथकरघा/हस्तशिल्प भारत सरकार के अधीन बुनकरों/हस्तशिल्पियों के रूप में पंजीकृत हो, उत्तराखंड राज्य के अन्तर्गत पंजीकृत हस्तकला/हथकरघा के निजी दस्तकार तथा सहकारी समितियों एवं पंजीकृत अशासकीय स्थाओं के हस्तशिल्पी एवं बुनकर पुरस्कार हेतु पात्र होगें। महाप्रबन्धक उद्योग ने बताया कि उद्योग विभाग के अन्तर्गत स्थाई रूप से ऐसी लघु स्तरीय इकाईयॉ जो विगत तीन वर्षो से निरन्तर उत्पादनरत हेने के सम्बंध में ऑडिट बैलेंससीट, प्लांट एवं मशीनरी में पूँजी निवेश, रोजगार की संख्या/वार्षिक उत्पादन, अनुसंधान/विकास पर व्यय रिपोर्ट प्रस्तुत करना होगा। ऐसी लघु स्तरीय इकाईयां जो किसी भी बैंक/विभागीय ऋण की डिफाल्टर न हो पुरस्कार हेतु आवेदन पत्र दो प्रतियों में निर्धारित रूप पत्र के साथ रुपए 50 का डिमान्ड ड्राफ्ट महाप्रबन्धक उद्योग के पक्ष में देय होगा। आवेदन पत्र किसी दिवस में महाप्रबन्धक जिला उद्योग केन्द्र एवं प्रभारी राजकीय डिजाइन केन्द्र काशीपुर में 30 नवम्बर 2024 तक जमा किये जा सकते है।

# नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने राहत एवं बचाव कार्य का निरीक्षण किया

नैनीताल

हमारे संवाददाता

लगातार हो रही बारिश की वजह से सोनप्रयाग से लेकर गौरीकुण्ड केदारनाथ तक भारी बरसात से भूस्खलन होने के कारण लगभग 09 स्थानों पर मुख्य सडक़ मार्ग या पैदल मार्ग समाप्त प्राय: हो गया है।

मामले में गुरुवार की सुबह नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल समेत पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा एवं पूर्व विधायक मनोज रावत राहत एवं बचाव कार्य का निरीक्षण करने सोनप्रयाग से आगे अन्तिम बिन्दु तक गये। नेता प्रतिपक्ष आर्य ने बताया कि सोनप्रयाग से



गौरीकुण्ड के बीच ही लगभग 2500 लोग फ से हैं। एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ के अलावा प्रशासन का कोई भी व्यक्ति मौके पर नहीं मिला। उन्होंने कहा कि प्रशासन को राहत और बचाव कार्य में तेजी करनी चाहिए। पूर्व अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि प्रशासन को स्थान-स्थान में फ से लोगों तक राहत सामग्री, दवाई और खाने का सामान पहुंचाना चाहिए। पूर्व विधायक मनोज रावत ने कहा कि इस आपदा तीव्रता 2013 की आपदा के जैसी ही है। लोगों को अंदेशा है कि व्यापक सम्पत्ति की हानि के अलावा जनहानि भी हुई है। प्रशासन सही आंकड़े छुपा रहे हैं।

नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल एवं पूर्व विधायक मनोज रावत ने सोनप्रयाग से निकाले जा रहे यात्रियों के भोजन तथा पानीए दवाई आदि की व्यवस्था कर रहे व्यापार संघ तथा टैक्सी यूनियन और कांग्रेस कार्यकर्ताओं की सराहना की।

नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्यए पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल एवं पूर्व विधायक मनोज रावत ने सोनप्रयाग में भण्डारे में यात्रियों की सेवा भी की।